Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 28-07-2006

Participants : Ahir Shri Hansraj Gangaram

>

Title : Need to regularise the services of contract workers working in M.E.L., Chandrapur, Maharashtra.

श्री हंसराज जी. अहीर (चन्द्रपुर) : सभापति जी, महाराट्र के चन्द्रपुर में स्थित एम.ई.एल., जो महाराट्र इलेक्ट्रोस्मेल्ट लिमिटेड, सेल से संबंधित कम्पनी है, यहां पर करीब 25 वर्ाों से अधिक समय से जो ठेका मजदूर काम करते हैं, उनके साथ अन्याय किया जा रहा है। यहां के ठेका मजदूरों के साथ 1978 से 1996 तक का वेतन समझौता हुआ था। 1996 के बाद वहां का प्रबंधन इन मजदूरों के साथ समझौता करने के लिए तैयार नहीं है और बार-बार मांग करने के बाद भी टाला जा रहा है। वे समझौते के पक्ष में नहीं है। इस वजह से यहां जो 605 मजदूर ठेकेदार के अंडर काम कर रहे हैं, वे वेतन वद्धि से वंचित हैं। उनके परिवार के सदस्य स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित हैं। उनके बच्चों की शिक्षा और पढ़ाई में प्रबंधन उन्हें सहयोग नहीं कर रहा है। इस वजह से मैं आपके माध्यम से स्टील मंत्रालय से मांग करता हूं कि तुरंत इन मजदूर भाईयों के लिए उसके प्रबंधन को वेतन समझौता और अन्य समझौते हेतु आदेश दें ताकि वहां जो हमारे 605 मजदूर भाई काम कर रहे हैं, उन्हें न्याय मिले। धन्यवाद।